हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 13 मई 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 32.2 डिग्री

4
नाली व सड़क पर ठेले-गुमटी लगाने वालों पर होगी कार्रवाई



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (1 years) | O.T. (1 years)
D.Pharma (3 years) | Ophthalmic ass. (1 years)
साव्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
कुनकुरी 7580834000
अम्बिकापुर 7440435000

## पेयजल, छांव व प्राथमिक चिकित्सा की भी की गई व्यवस्था

# भीषण गर्मी के कारण मनरेगा में कार्यरत मजदूरों का समय बदला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भीषण गर्मी को देखते हुए मनरेगा के तहत कार्यरत मजदूर वर्तमान में सुबह से ही काम पर जुट जाते हैं। कार्यस्थल पर उनके लिए प्राथमिक चिकित्सा, पेयजल व छांव की भी व्यवस्था की गई है। वर्तमान में जिले में करीब 3 हजार कार्य चल रहे हैं, जिसमें करीब 40 हजार मजदूर कार्यरत हैं।जिले में इन दिनों तापमान करीब 42 डिग्री पर पहुंच चुका है। ऐसे मे मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में शामिल मजदूरों का समय बदला गया है। मजदूर सुबह से ही काम पर लग कर उसे दोपहर तक खत्म करने की कोशिश में जुटे रहते हैं। जबकि पहले सुबह करीब 9 बजे तक मजदूर कार्यस्थल पर आते थे, किंतु अब भीषण गर्मी के कारण कार्य सुबह करीब 7 बजे से शुरू हो जाता है। जिले में 40 हजार 854 मजदूर कार्यरत हैं। आधे से अधिक मजदूर अमृत सरोवर योजना के तहत कार्य कर रहे हैं। वहीं जिले में करीब 3 हजार 115 कार्य चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि मजदूरों के कार्य अवधि में बदलाव को लेकर फिलहाल कोई आदेश नहीं आया है, किंतु गर्मी की वजह से ही मजदूर सुबह की पहली किरण के साथ ही कार्य में जुट रहे हैं। ताकि गर्मी से बचा जा सके। हालांकि मजदूरों के लिए कार्यस्थल पर प्राथमिक उपचार के लिए किट, पेयजल की व्यवस्था और छांव का इंतजाम किया गया है।





### जिले में 97219 एक्टिव जॉब कार्ड

आंकड़ों की बात करें तो वर्तमान में जिले मे एक्टिव जॉब कार्ड की संख्या 97 हजार 219 है। वहीं जिले में 1 लाख 62 हजार 383 मजदूर एक्टिव हैं। वहीं वर्तमान में करीब 549 ग्राम पंचायतों में से 542 में कार्य चल रहे हैं।

फैक्ट फाइल

| ब्लॉक | एक्टिव मजदूर | कार्यरत मजदूर | कार्य |
|---|---|---|---|
| धरमजयगढ़ | 28305 | 9007 | 779 |
| घरघोड़ा | 12441 | 3627 | 455 |
| खरसिया | 29121 | 6199 | 423 |
| लैलूंगा | 25625 | 6320 | 353 |
| पुसौर | 34252 | 8127 | 506 |
| रायगढ़ | 20868 | 4538 | 296 |
| तमनार | 11771 | 3036 | 303 |



## विधायक गोमती ने पूरा किया वादा लेझरुपारा में कराया नलकूप खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत घरजियाबथान की लेझरुपारा बस्ती, एक ऐसी बस्ती जंहा आजादी के 75 वर्ष के बाद भी, न चलने के लिए सड़क है न पीने के लिए पानी है। वंहा के निवासी ने कई बार पूर्व विधायक को आवेदन देकर सड़क, पुलिया एवं पीने के पानी हेतु नलकूप की मांग की थी। किंतु कभी उनकी दशा एवं आवश्यकता पर कोई ध्यान नही दिया गया।

■ विधानसभा चुनाव के दौरान विधायक गोमती साय बस्ती के लोगों से किया था वादा

विधानसभा चुनाव के दौरान वर्तमान विधायक श्रीमती गोमती साय ने इस बस्ती में पहुंचकर यहां की जनता से वादा किया था कि यदि वे जीतकर आती है तो तत्काल पहले पीने के पानी की व्यवस्था करेंगी व उसके बाद आने जाने के लिए सड़क एवं पुलिया की व्यवस्था की जाएगी।

विधायक श्रीमती गोमती साय ने चुनाव जीतने के महज 4 महीने में ही पाइन के पानी की 75 सालों की समस्या को दूर कर दिया और लेझरुपारा में नलकूप की खुदाई करा दी। जिससे क्षेत्रवासियों में भारी खुशी की लहर है और उन्होंने अपने कर्मठ विधायक श्रीमती गोमती साय को फोन कर उन्हें आभार किया।

## खबर संक्षेप

### सीएसटी व बालेश्वर के बीच समर स्पेशल की सुविधा

**रायगढ़।** समर के दौरान रेल यात्रियो की मांग एवं सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल एवं बालेश्वर के मध्य एक फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। 01055 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल बालेश्वर समर स्पेशल 18 मई को शनिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से रवाना होगी। इसी प्रकार विपरीत 01056 बालेश्वर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल समर स्पेशल 20 मई सोमवार को बालेश्वर से रवाना होगी। इस गाड़ी में कुल 22 कोच उपलब्ध रहेंगे। पूणे से बालेश्वर जाने वाली गाड़ी सुबह 9 बजकर 48 मिनट पर रायगढ़ पहुंचेंगी इसी प्रकार बालेश्वर से पुणे जाने वाली समर स्पेशल ट्रेन शाम 5 बजकर 50 मिनट पर रायगढ़ आएगी। इस ट्रेन का दो मिनट का ठहराव दिया गया है।

### युवती से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर में स्थानीय युवती आकर उसके व उसकी छोटी बहन के साथ दीप चौहान 40 वर्ष निवासी प्रेमनगर रायगढ़ द्वारा झगड़ा, मारपीट करने और गंदी नियत से छेड़खानी करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। युवती ने बताई कि दीप चौहान आये दिन शराब पीकर मोहल्ले में घूमता रहता है और परिचित होने से घर भी आता था। कल 10 मई के सुबह दीप चौहान नशे में ध्रुत होकर घर आया और बेवजह गाली गलौच करते हुए धक्का मुक्की मारपीट करने लगा जिसे देखकर छोटी बहन बीच बचाव करने आई जिसे बूरी नियत से दीप चौहान पकड़ लिया। घरवालों ने जैसे तैसे दीप चौहान को दूसरे कमरे में बंद कर दिए। कमरे अंदर दीप चौहान स्वयं अपने सिर, हाथ पैर को पटकने लगा। युवती के लिखित आवेदन पर थाना चक्रधरनगर में धारा 294, 323, 354, 8 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम कर तत्काल आरोपी दीप चौहान को हिरासत में लिया गया। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा रिपोर्टकर्ता युवती, बालिका एवं और आरोपी दीप चौहान का मेडिकल, उपचार कराया गया तथा आरोपी को छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में रिमांड पर भेजा गया, जहां आरोपी के कृत्य पर जेल वारंट प्राप्त होने पर पुलिस ने आरोपी को जेल दाखिल किया है।

### मदिरा दुकानों के अहातों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण

**रायगढ़।** जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के परिसर से संलग्न अहातोंए जिनमें मदिरा उपभोग की अनुमति लाइसेंस शर्तों के अधीन प्रदान की जाएगी के व्यवस्थापन हेतु इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन मंगाए गए थे। जिन्हे आबकारी विभाग से जारी निर्देशों का पालन करते हुए मतदान तिथि के पश्चात 10 मई को सृजन सभाकक्ष कलेक्ट्रेट रायगढ़ में खोला गया। जिला रायगढ़ की कुल 36 में से 26 मदिरा दुकानों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे जिनमे से 13 मदिरा दुकानों हेतु कुल 31 आवेदन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुए। चयन के दिन वास्तविक कार्रवाई का संपादन करने के पूर्व निविदादाताओं को प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रक्रिया को सभी निविदादाताओं की सहूलियत के लिए बड़े परदे पर दिखाया गया। सभी 13 दुकानों के लिए आवेदन की संख्या अनुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय उच्च बोली वाले निविदादाताओं का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा छप्ब के डेटाबेस से किया गया है।

## नारायणपुर थाना के जवान साफ सफाई कर दे रहे स्वच्छता का संदेश

**जशपुरनगर।** स्वच्छता को लेकर जागरूक दिखाते हुए पुलिस के जवानों द्वारा नारायणपुर थाना परिसर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान नारायणपुर थाना प्रभारी सतीश सोनवानी के मार्ग दर्शन में यहां पदस्थ जवानों के द्वारा प्रतिदिन पारी पारी से सफाई किया जाता है।



साफ सफाई करते पुलिस जवान।

ज्ञात हो कि स्वच्छता अभियान के तहत थाना परिसर को साफ सुथरा रखने थाना प्रभारी के नेतृत्व में रोजाना यहां साफ सफाई किया जाता है। उक्त कार्य के लिए यहां पदस्थ जवान खुद ही रोजाना बारी बारी से थाना परिसर की सफाई करते हैं। सबसे अहम बात यह रहती है इस कार्य के लिए थाना में पदस्थ सभी अधिकारी व कर्मचारी स्वेच्छा से एक साथ कदम से कदम मिला छोटे बड़े का फर्क भूल एक दूजे का हाथ बंटाते हैं। सफाई करते जवान भी प्रसन्नता से अपने परिसर की सफाई करते नजर आए है।

छोटे बड़े का फर्क भूल सब एक साथ सफाई की परंपरा यहां पदस्थ थाना प्रभारी सतीश सोनवानी ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया हुआ है कि वह थाना परिसर में हमेशा ही स्वच्छता रखें। कहीं भी गंदगी न होने दें। कूड़ा नियत स्थान पर ही डालें, अपने रहने के कमरों में भी स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। कमरों के बाहर कहीं भी गंदगी ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने स्टाफ को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जिसका परिणाम सफलता के रूप में अब रोजाना देखने को यहां मिल रहा है जब सभी पुलिसकर्मी रोजाना बारी बारी से यहां स्वच्छता अभियान में जुटते नजर आते हैं।साथ ही समाज को स्वाक्छता के प्रति एक बेहतर संदेश देने का प्रयास भी कर रहे है।

### बेमौसम बरसात ने किया किसानों सक्रिय, होने लगी खेतों को जुताई

**जशपुरनगर।** मई की महीना में हो रही बेमौसम बरसात ने किसानों को सक्रिय कर दिया है। बंगाल की खड़ी में आए चक्रवात के कारण हो रही बरसात के कारण जून में होने वाली खेतों की जुताई मई के महीने में ही किसानों ने शुरू कर दी है। आसपास के ग्रामीण इलाकों में किसान बारिश का फायदा उठाते हुए खेतो की जुताई करनी शुरू कर दी है। किसानों का कहना है की बरसात के कारण खेतों की मिट्टी नरम हो गई है अभी खेतों की जुताई आसान हो गई है। आम तौर पर हम खेतों को जुताई जून के दूसरे सप्ताह में करते है जब मानसून का दस्तक शुरू होता है। लेकिन इस साल मई में ही बरसात लगातार होने के कारण खेतों की जुताई हमनें शुरू कर दी है। आने वाले समय में हमारे पास बारिश के समय केवल खेतो को तैयार करके फसल लगाने का काम ही बचेगा।

## मातृत्व दिवस पर बुजुर्ग माताओं को पुष्प गुच्छ, शाल व श्रीफल देकर किया सम्मान

### रौनियार समाज की महिलाओं ने किया कार्यक्रम का अयोजन

**जशपुरनगर ।** मातृत्व दिवस के अवसर पर जशपुर रौनियार महिला शक्ति की महिलाओं ने घर घर जाकर बुजुर्ग माताओं के साथ समय बिताते हुए उनकी पुरानी यादों को ताजा किया एवं उनके अनुभवों की पोटली से कुछ सार्थक शिक्षा लेते हुए पुष्पगुच्छ, शाल एवं श्रीफल दे कर उनका सम्मान किया।



देवनारायण होंडा के निदेशक 93 वर्षीय श्रीमती शान्ति देवी की पांच बेटियां और तीन बेटे हैं सबसे बड़ी बेटी 78 वर्ष की राजकुमारी देवी, बड़े पुत्र राजकिशोर गुप्ता 75 वर्ष, उर्मिला गुप्ता 70 वर्ष, उमा गुप्ता 65, अंजू गुप्ता 60 वर्ष, सरोज गुप्ता 56 वर्ष, नीरज गुप्ता 52 वर्ष, आनन्द गुप्ता 50 वर्ष, तीन बेटे, बहुवें चन्द्रसेना गुप्ता, रेखा गुप्ता, सुमन गुप्ता हैं। मातृ दिवस पर आज उनके घर मिलने पंहुची। रौनियार महिला शक्ति की टीम ने श्रीमती शान्ति देवी को पुष्प गुच्छ, शॉल श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। इस कार्यक्रम में रौनियार महिला शक्ति के सदस्य सीमा गुप्ता, संगीता गुप्ता, अभिलाषा गुप्ता ,बबीता गुप्ता, चंद्रसेना गुप्ता, पूनम गुप्ता ,रजनी गुप्ता, रेखा गुप्ता उपासना गुप्ता, संगीता गुप्ता, प्रभा गुप्ता आदि सदस्य शामिल थे इसके अलावा रौनियार दर्पण की सदस्य शालिनी गुप्ता भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनी।

## महिलाओं ने हाई-प्रोटीन ग्रेनोला बार बनाने की ली ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के आदिवासी इलाकों में बेहतर पोषण और स्वरोजगार के लक्ष्य के लिए जिला प्रशासन के सहयोग के साथ, जय जंगल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी और अलग-अलग स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने निफ्टेम कुंडली में एक खास तकनीकी हस्तांतरण के प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। इस प्रशिक्षण को डॉ. प्रारब्ध बड़गुजर और पीएचडी छात्रा रुशाली जैसवाल ने संचालित किया, जिसमें उन्होंने प्रोटीन युक्त ग्रेनोला बार बनाने की विधि सिखाई। ग्रेनोला बारों को आदिवासी इलाके की स्थानीय सामग्री के साथ विकसित किया जा रहा है ताकि इनके स्वास्थ्य लाभ और बढ़ें। प्रशिक्षण में उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया, उच्चतम गुणवत्ता वाले सामग्रियों का चयन, और खाद्य सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों ने उत्पाद लेबलिंग के महत्व और तरीकों के बारे में भी सीखा, जिससे वे बाज़ार में अपने उत्पादों को बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर सकें। ट्रेनिंग को जशपुर जिला प्रशासन का समर्थन प्राप्त है और यह आदिवासी समुदायों के लिए आधुनिक खाद्य तकनीक के साथ पारंपरिक ज्ञान को मिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खाद्य प्रसंस्करण सलाहकार समर्थ जैन ने बताया कि इस ग्रेनोला बार के तकनीक को सीखने के बाद जशपुर के महुआ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में इस ग्रेनोला बार में फूड ग्रेड महुआ और सामान्य सहद की जगह महुआ सिरप को इस ग्रेनोला बार के प्रमुख घटक तत्वों में सामिल करने का प्रयास किया जाएगा। जिससे इसे जशपुर की विशेष पहचान मिल सके।

■ समूहों के सदस्यों ने एक खास तकनीकी हस्तांतरण के प्रशिक्षण सत्र में लिया भाग





## जेवर गिरवी रखकर मां ने बेटे के परीक्षा की फीस दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

अगर रास्ता खूबसूरत है तो एपता कीजिए किस मंजिल की तरफ जाता है। लेकिन अगर मंजिल खूबसूरत हो तोए कभी रास्ते की परवाह मत कीजिए। मेहनत का फल और समस्या का हल देर से ही सही मिलता जरूर है। इसी भावना के साथ मां ने अपने सुपुत्र के शिक्षा को जारी रखने के लिए अपने पास रखें कुछ जेवर को महज 13 सौ रुपए के लिए गिरवी रख कर अपने पुत्र की बोर्ड परीक्षा की फीस अदा की।

आज लाडले बेटे ने गरीबी को भी मात देते हुए बोर्ड परीक्षा में सरिया क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। जिसके कारण सारंगढ़ के तत्कालीन कलेक्टर केएल चौहान एवं हरिशंकर चौहान सीईओ सारंगढ़ ने उक्त लाडले मेधावी छात्र मनीष चौहान को बधाई संदेश भेज कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के ग्रामीण छात्र मनीष चौहान ग्राम छोटे नवापारा के निवासी हैं। वह घर के हालात को ध्यान में रखते हुए कभी भी शिक्षा से दूरी नहीं बनाई बल्कि एसंघर्ष करते हुए आगे बढ़ने का लक्ष्य रखा। इनके पिता सुपेन चौहान रोजी मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। मां जयकुमारी कभी भी स्कूल की चौखट तक नहीं देखी। इसके बावजूद भी उन्होंने अपने पुत्र मनीष को शिक्षा देने के लिए जी जान लगा रखे हैं। दो वक्त की रोटी भी परिवार को ठीक ढंग से नसीब नहीं होता है और जैसे.तैसे कर मनीष के माता-पिता अपने पुत्र को तालीम के लिए कभी पीछे नहीं रहे। महानदी के किनारे स्थित छोटे नवापारा के सुपेन चौहान का घर सहित गांव प्रतिवर्ष बाढ़ की त्रासदी का दंश झेलता हैं। आर्थिक तंगी के बाद भी मनीष चौहान ने दृढ इच्छा शक्ति लगन एवं मेहनत को लक्ष्य मानते हुए उन्होंने शिक्षा के प्रति समर्पित रहा और दसवीं बोर्ड परीक्षा में 96.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया एवं क्षेत्र तथा अपने गांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय सबसे पहले अपने माता पिता एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया के शिक्षकों को दिया।

### खण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा एमआर यादव ने की मुलाकात

## पद्मश्री जगेश्वर का जीवन प्रेरणादायी व अनुकरणीय : मनीराम

**जशपुरनगर।** पद्मश्री सम्मानित यादव कुलशिरोमणि जगेश्वर राम यादव को उनके पद्श्री सम्मान के उपलक्ष्य में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा एमआर यादव ने सपरिवार उनके निज निवास ग्राम भितघरा विकास जाकर उनको बधाई देकर सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी एमआर यादव एवं पद्श्री जगेश्वर राम यादव के बीच काफी लंबी वार्ता हुई।

जशपुर वनांचल के ग्राम भितघरा के मूल निवासी जगेश्वर राम यादव का बचपन अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में व्यतीत हुआ है। वे बचपन से ही विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर आदिवासियों के दुस्कर जीवन के साक्षी रहे हैं। वे बचपन से ही इन विशेष पिछड़े आदिवासियों के उत्थान और समाज के मुख्य धारा में जोड़ने के लिये दढ़ निश्चय कर लिये थे। श्री यादव स्वयं अपने घरेलू आर्थिक परिस्थति की परवाह ना करते हुए आदिवासियों के जीवन संवारने के लिए निकल पड़े। पद्मश्री जगेश्वर राम यादव अत्यंत पिछड़े दुर्गम आदिवासी क्षेत्रों में जाकर उन्हें शिक्षा स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति लगातार जागरूक करते रहे। जगेश्वर राम विगत 40 वर्षों से बिरहोर आदिवासियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए अनवरत कार्यरत हैं। उनकी सामाजिक कुरितियों और बुराईयों के उन्मूलन के लिए इनके द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा है। इसीलिए इनको अंचल में ''बिरहोर भाई'नाम से जाना जाता है। अपने पुनीत कार्य के लिये उन्हे घने जंगलों में मीलों नंगे पैर पैदल चलना पड़ता था, अपने घर से दूर जहां कहीं भी रात बिताना पड़ता था। किन्तु वे हार नहीं माने और अपना सारा जीवन विशेष पिछड़ी आदिवासियों के उत्थान के लिये समर्पित कर दिये। जगेश्वर राम यादव आज 65 वर्ष के हो चुके हैं किन्तु आदिवासियों के प्रति सेवा व समर्पण के लिए उनके मन रत्ती भर भी कमी नहीं आई है और वे आज भी दुगनी ऊर्जा व उत्साह के साथ अपने अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। पद्मश्री जगेश्वर राम यादव खण्ड शिक्षा अधिकारी एमआर यादव के सम्पर्क में लगातार रहे। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति को शासन के समस्त योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने का अभियान चलाया गया था। चूंकि बगीचा और सन्ना क्षेत्र अत्यंत बीहड़ वनक्षेत्रों से घिरा हुआ है इसलिए शासकीय अमले को सर्वे कार्य करने हेतु अत्यंत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसी परिस्थिति में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एमआर यादव के निवेदन पर जगेश्वर राम यादव का सहयोग सराहनीय रहा। वे घने जंगलों में स्वयं जाकर विशेष पिछड़ी आदिवासियों को शिविरों में आकर अपने समस्याओं को अधिकारियों एवं शिविर ⏭ शेष पेज 4 पर



जगेश्वर राम के साथ बगीचा बीईओ।

## खबर संक्षेप

### जिला मेडिकल बोर्ड शिविर आयोजित

**सारंगढ़।** बिलाईगढ़ जिला मेडिकल बोर्ड शिविर में कुल पंजीयन 120 और 117 यूडीआईडी चिन्हित हुए। सक्षम शनिवार की थीम पर इस विशेष शिविर में आए हुए दिव्यांगजनों का आंकलन सह प्रमाणीकरण अंतर्गत दृष्टि बाधित के 23, अस्थिबाधित 54, मानसिकमंद 02, श्रवणबाधित 20, सिकिल सेल 16, सेरेब्रल पाल्सी 02 के यूडीआइडी जांच किया गया।

### डीपीओ ने किया आंबा केन्द्रों का निरीक्षण

**रायगढ़।** कुपोषण दूर करने के लिए सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए अभियान चला रही है। केंद्रों के खुलने और बंद होने का समय तय होने के बावजूद कई केंद्र नहीं खुल रहे। इनमें उपस्थिति भी बेहद कम है। इसका खुलासा तब हुआ जब डीपीओ खुद निरीक्षण करने निकले। पिछले दिनों जितने भी आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा किया गया, सबमें लापरवाही पाई गई। अब सभी को नोटिस जारी किया जा रहा है।छोटे बच्चों को खेल खेल में प्रारंभिक शिक्षा और साथ में पौष्टिक भोजन देने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को फंड जारी किए जाते हैं। गर्मी की वजह से सुबह साढ़े सात बजे से 11 बजे केंद्रों को खोला जाना है। केंद्रों की शिकायत आई तो जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी एलआर कच्छप ने खुद ही निरीक्षण करने का निर्णय लिया। बताया जा रहा है कि वे जितने भी केंद्रों में पहुंचे, कुछ न कुछ कमी पाई गई। श्री कच्छप ने बताया कि प्रतिमाह प्रति परियोजना कम से कम 50 आंगनबाड़ी केंद्रों के भ्रमण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सुपरविजन करने का उद्देश्य व्यवस्था सुधारना है। सूत्रों के मुताबिक डीपीओ एलआर कच्छप और महिला एवं बाल विकास अधिकारी अतुल दांडेकर के लगातार निरीक्षण से कार्यकर्ता सतर्क होकर काम करने लगी हैं। निरीक्षण के कारण कई कार्यकर्ता बेवजह की शिकायतें भी करने लगी हैं। कई केंद्रों में उपस्थिति भी कम पाई गई।

### सेजेस का बोर्ड परीक्षा में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**घरघोड़ा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी हिन्दी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा में कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम का परीक्षा फल 98 प्रतिशत रहा जबकि अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष 96 प्रतिशत रहा। अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों द्वारा किए गए इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार हर्षित है तथा अधिकारियों ने भी विद्यालय परिवार को बधाई दिया है। ज्ञातव्य हो की स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा में अंग्रेजी माध्यम में कक्षा दसवीं में सत्र 2023, 24 में कुल 44 विद्यार्थी अध्यनरत थे जिसमें से 35 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में आठ विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए एवं एक विद्यार्थी पूरक आया। कक्षा 12वीं में कुल 23 विद्यार्थी अध्यनरत थे जिसमें 14 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में आठ विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा एक विद्यार्थी अनुतीर्ण रहा। कक्षा दसवीं में कुमारी शीतल बेहरा 576 अंक 96 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर तथा कुमारी खुशी पटेल 564 94 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रही। कुमारी शीतल बेहरा छत्तीसगढ़ टॉप 10 की सूची में आने से मात्र 7 अंकों से पीछे है। अंकों में पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन उपरांत अपेक्षित सुधार होता है तो पुनः यह दो बच्चे छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त कर पिछले वर्ष की भांति पुनः सेजेश घरघोड़ा का नाम रोशन करेंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पद्मश्री जगेश्वर का ...

प्रभारियों के समक्ष रखने के लिए प्रोत्साहित किये। कोरोना काल में भी जगेश्वर राम यादव का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। इन्होंने दुर्गम क्षेत्रों में जाकर वहां के आदिवासियों को कोरोना वैक्सीनेशन के लिए प्रोत्साहित किए। आदिवासियों के जीवन उत्थान हेतु इनके समर्पण की भावना को देखते हुए इनको सन् 2015 में वीर नारायण सिंह पुरूस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। जगेश्वर राम यादव का पूरा जीवन समाज सेवा व परोपकर के लिए समर्पित है। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा एमआर यादव ने पद्श्री जगेश्वर राम यादव के जीवन को प्रेरणादायी अनुकरणीय बताया।

### शहर की सभी मुख्य सड़कों पर कराई गई मुनादी

# नाली व सड़क पर ठेले-गुमटी लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के मुख्य सड़कों पर सड़क एवं नालियों को बाधा कर ठेला गुमटी लगाने वालों एवं अन्य व्यवसाय करने वालों के खिलाफ सीधे तौर पर कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन द्वारा इसके लिए शनिवार को शहर के सभी मुख्य सड़कों पर मुनादी कराई गई है।

निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देश पर शहर की सफाई एवं यातायात प्रभावित न हो और शहर के मुख्य सड़कों पर यातायात सुगम होने के साथ सफाई व्यवस्था बहाल हो इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। पूर्व में नाली के ऊपर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ जब्ती एवं जुर्माने की कार्रवाई की गई की थी। इसी तरह शहर के सर्किट हाउस चौक, चक्रधर नगर चौकए चक्रधर नगर चौक रेलवे आरओबी, सतीगुड़ी चौक, स्टेशन चौक, गणेश तालाब चौक एवं मुख्य मार्गों पर ऐसी जगह जहां पर ठेला गुमटी लगाई जाती है, वहां पर मुनादी कराई गई है। मुनादी में साफ तौर पर सड़क एवं नाली, नाला बाधा नहीं करने की अपील की गई है। ऐसा करते पाए जाने पर निगम प्रशासन द्वारा जब्ती एवं जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह सड़क किनारे सभी ठेला, गुमटी लगाकर व्यवसाय करने वालों को डस्टबिन रखनेए सूखा एवं गीला कचरा को अलग अलग देने और निगम के वाहनों को ही कचरा देने की अपील की गई है। सभी ठेला, गुमटी लगाने के साथ सड़क किनारे व्यवसाय करने वालों को कहीं पर भी कचरा फेंकने पर जुर्माना एवं जब्ती की कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

**चलित ठेला लगाने निगम प्रशासन की अपील**



### यातायात को सुगम इसलिए चलित ठेला का करें उपयोग

निगम प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहे, उद्यान एवं सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए चलित ठेला एवं गुमटी का उपयोग करने की अपील की गई है। इसमें सड़क एवं नाला बाधा न करते हुए सुबह से शाम तक छोटे व्यवसायी अपना व्यवसाय करें और रात्रि के समय ठेला एवं गुमटी को अपने घर या सुरक्षित स्थान पर रखें। इससे उनके सामान भी सुरक्षित रहेगा और शहर की सफाई के साथ यातायात व्यवस्था भी सुगम रहेगा।

**अवैध निर्माण पर की गई कार्रवाई**

सड़क किनारे अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ निगम प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई है। इसमें ललित पाठशाला स्कूल रोड पर सड़क किनारे स्थाई निर्माण करने वाले दो ठेला को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। मरीन ड्राइव में सड़क किनारे अतिक्रमण कर स्थाई ठेला निर्माण को जेसीबी के माध्यम से उठाकर जब्ती किया गया। इसी तरह मरीन ड्राइव पर सड़क किनारे स्थाई निर्माण को भी हटाया गया। निगम प्रशासन की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## रेलवे साइकल स्टैंड के संचालक ने की पुलिसकर्मी से बदसूलकी

**रायगढ़।** रायगढ़। रेलवे स्टेशन में स्थित मोटरसाइकिल स्टैण्ड के संचालक व उसके कर्मचारियों द्वारा लगातार यात्रियों से बदसलूकी करने की खबरें सामने आ रही है। बुधवार को एक पुलिसकर्मी से भी स्टैण्ड संचालक व उसके कर्मचारियों ने बदसूलकी की, वहीं जब पुलिसकर्मी ने उनकी शिकायत करने की बात कही तो वे आरपीएफ का धौंस दिखाते हुए उल्टे उसे ही धमकाने लगे। हालांकि स्टैण्ड में रखे गए मोटरसाइकिल का शुल्क अदा कर जवान वहां से चला गया किंतु उसने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर डीआरएम व रेलवे प्रबंधन से स्टैण्ड संचालक से शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की। जवान की शिकायत भी दर्ज कर ली गई है।

- आरपीएफ की धौंस दिखा लेता है अधिक किराया जवान ने की रेलवे डीआरएम से शिकायत

बुधवार को एक पुलिस जवान शासकीय कार्य को लेकर रायपुर गया था। इस दौरान उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल को रेलवे स्टेशन के मोटरसाइकिल स्टैण्ड पर रखा था। रायपुर से शासकीय कार्य खत्म कर जनशताब्दी से वापस आया और अपनी मोटरसाइकिल लेने के लिए स्टैण्ड गया। स्टैण्ड के भीतर उसने जहां मोटरसाइकिल रखी थी, वहां नहीं मिलने पर अपनी मोटरसाइकिल कुछ देर तक ढूंढा, लेकिन जब मोटरसाइकिल नहीं मिली तो उसने स्टैण्ड में मौजूद कर्मचारी से मोटरसाइकिल ढूंढने की बात कही। इतने में वहां मौजूद संचालक व कर्मचारी ने उससे यह कह कर दुर्व्यवहार किया कि अपनी मोटरसाइकिल खुद ही ढूंढ लो इसके लिए हमने कोई कर्मचारी नहीं रखा है और न ही हमारी कोई जिम्मेदारी है। इसी बात को लेकर पुलिस जवान और संचालक के बीच विवाद भी हुआ। किंतु जवान ने अंत मे अपनी मोटरसाइकिल ढूंढ ली और शुल्क अदा कर वहां से चला गया।

### लग चुका है 25 हजार का जुर्माना

ज्ञात हो कि स्टैण्ड संचालक के कर्मचारियों द्वारा यात्रियों से दुर्व्यवहार व अभद्रता करने को लेकर हरिभूमि ने खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद वाणिज्य विभाग ने स्टैण्ड संचालक पर 25 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया था। इसके बाद भी स्टैण्ड संचालक व उसके कर्मचारियों द्वारा लगातार यात्रियों से दुर्व्यवहार कर रहे हैं।

### दोबारा बाइक नहीं रखने की दी धमकी

जब पुलिस जवान अपनी मोटरसाइकिल लेकर वहां से जा रहा था तब वहां मौजूद संचालक व कर्मचारी ने आरपीएफ की धौंस दिखाते हुए यहां मोटरसाइकिल दोबारा नहीं रखने की धमकी देने लगा।

**की जाएगी कार्रवाई**

स्टैण्ड संचालक को सख्त हिदायत दी जाएगी। पूर्व में भी उसके द्वारा दुर्व्यवहार करने की शिकायतें प्राप्त हुई है। नहीं मानने पर कार्रवाई की जाएगी।

**कुलदीप कुमार**, पोस्ट प्रभारी, आरपीएफ रायगढ़

## ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सुबह हो रहा आंबा केन्द्रों का संचालन

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार गर्मियों को देखते हुए प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक आंबा केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी नियमित रूप से आंबा केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर रहे है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा परियोजना अधिकारियों के द्वारा लगातार आंगनबाडी केन्द्रों का भ्रमण करने से आंबा कार्यकर्ताएं भी सजग होकर कार्य कर रही हैं तथा विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों को मिलने लगा है। लगातार हो रहे भ्रमण एवं निरीक्षण के कारण कही कोई शिकायतें मिल रही है तो उसका त्वरित निराकरण किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप ने बताया कि प्रतिमाह प्रति परियोजना कम से कम 50 आंगनबाडी केन्द्रों का भ्रमण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अनुपस्थित आंबा कार्यकर्ता सहायिका को नोटिस जारी किया गया है।

## कलेक्टर और डीईओ ने परीक्षा परिणाम पर सभी विद्यार्थियों को दी बधाई

**सारंगढ़।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा दसवी और बारहवी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषणा पर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत ने सभी बच्चों पर समान रूप से अपना स्नेह प्रकट किया है। कलेक्टर श्री साहू और डीईओ श्री भगत ने अपने संदेश में कहा है कि जिले में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बहुत बहुत शुभकामनाएं एवम बधाई। ऐसे ही भविष्य में भी इस प्रकार से निरंतर आगे बढ़ते रहे। साथ ही वो सभी विद्यार्थी जो कम अंकों के साथ पास हुए या किसी कारण से अनुतीर्ण हो गए है, वो पुनः अच्छी तैयारी करे। कोई निराश न होवें।

## भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर विप्र समाज ने निकाली शोभायात्रा

**रायगढ़।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शुक्रवार की शाम पूरा शहर जय जय परशुराम से गुंजायमान रहा। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर विप्र समाज ने भव्य शोभयात्रा निकाली, जो हंडी चौक स्थित परशुराम मंदिर से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान चौक चौराहों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल समाज के लोगों के लिए जगह जगह शरबत व ठंडे पेय पदार्थों की व्यवस्था की गई थी।

- हंडी चौक स्थित परशुराम मंदिर से निकलकर पूरे शहर का किया भ्रमण



वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसके लिए विप्र समाज ने काफी पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बाल मंदिर में समाज के लोगों को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा विप्र फाउंडेशन के सहयोग से भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

हंडी चौक स्थित भगवान परशुराम मंदिर में पूजा.अर्चना के बाद शोभायात्रा प्रारंभ हुई, बाजे गाजे, कर्मा नर्तक दल व आकर्षक झांकी के साथ निकली शोभायात्रा हंडी चौक से कोतवाली थाना होते हुए गद्दी चौक, पैलेस रोड, चांदनी चौक, सोनारपारा, गांजा चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए। पुरुष, महिला, बुजुर्ग, बच्चों में काफी उत्साह दिख रहा है। जिस मार्ग से भी शोभायात्रा गुजर रही थी, जय जय परशुराम के जयघोष से गुंजायमान हो जा रहा था। शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए चौक चौराहों पर विशेष व्यवस्था की गई थी। लोगों ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की और श्रद्धालुओं को ठंडा पानी, शरबत पिलाया गया। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई।

### सरिया का बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा

**रायगढ़।** बोर्ड परीक्षा 2023-24 का परीक्षा परिणाम जारी हुआ जिसमें शास कन्या उच्च माध्य विद्या सरिया का परीक्षा परिणाम शिक्षकों की कमी से जुझते हुए भी उत्कृष्ट रहाण्कक्षा 12वीं में संस्था का परीक्षा परिणाम 92.38 प्रतिशत रहा दो बच्चों नें 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए कुमारी पारुल सामल 86 प्रतिशत एवं कुमारी कल्याणी मेहर 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में संस्था का परीक्षा परिणाम 88.35 प्रतिशत रहा। 7 बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जिसमें गायत्री प्रधान 94 स्नेहा प्रधान 93.5 प्रतिशत श्रुति चौहान 90 प्रतिशत, प्रीति प्रधान 88.17 प्रतिशत दिव्या चौहान 87.67 प्रतिशत प्रिंसी चौहान 87.5 प्रतिशत, आस्था भोय 85.83 प्रतिशत ने अपना, अपने माता पिता, अपने स्कूल, अपने शिक्षक अपने गांव शहर एवं जिले का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर संस्था के प्राचार्य पी के चौधरी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

## बरमकेला का प्रमुख लाल तालाब कचरे और गंदगी के चपेट में

**बरमकेला।** बरमकेला नगर पंचायत मे बस स्टैंड से करीब 200 मीटर और बरमकेला नगर पंचायत बरमकेला से 300 मीटर स्थित लाल तालाब जो की कभी बरमकेला की शान हुआ करती थी बरमकेला नगर पंचायत के चुनाव के मैनिफेस्टो घोषणा पत्र में इसका सौंदर्यीकरण एक प्रमुख मुद्दा हुआ करता था जानकारों की माने तो यह तालाब बहुत ही पुराना है बुजर्गो की माने तो इस तालाब को देव तालाब भी कहा जाता था लेकिन यह तालाब गंदगी और कचरे की चपेट मे आने से अपने वर्चस्व को खोता जा रहा है इसका महत्व गर्मी महीने मे और भी बढ़ जाता है जब लोग पानी की किल्लत से जूझते है यह तालाब उनके लिए गर्मी से निजात दिलाती है।

इस विख्यात तालाब में लगातार गंदगी का आलम बना हुआ है। साफ सफाई के अभाव में लाल तालाब में गंदगी फैल रही है। तालाब की सफाई की ओर अब तक कोई पहल नहीं हो पाई है। शहर के लाल तालाब सहित अन्य तालाब देखरेख के अभाव बढ़ती गंदगी के कारण अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। कभी इस तालाब का पानी शुद्ध होने के कारण लोग निस्तारी के लिए शौक से और बड़े मजे से उपयोग करते थे लेकिन अब लोग केवल मजबूरी मे इस तालाब मे नहाने जाते है। गंदगी का आलम यह है कि तालाब में नहाने से खुजली हो रही है। तालाब में मछली करने के साथ साथ पालीथिन अपशिष्ट पदार्थों का ढेर लगा हुआ है। बुजुर्गों के अनुसार कभी इस तालाब का पानी शुद्ध हुआ करता था जो देखरेख सफाई के अभाव में तालाब में गंदगी बढ़ती जा रही है। तालाब तट में पालीथिन, प्लास्टिक अन्य अपशिष्टों का ढेर होना आम बात है। तालाब का पानी दूषित हो जाने से लोगों के द्वारा इसका उपयोग करने से हैजा मलेरिया सहित अन्य गंभीर चर्म रोग जैसी बीमारी होने की संभावना बना हुआ है। अगर तालाब की साफ सफाई एवं पानी की सफाई हो जाती, तो नगर के लोगो को स्नान व दिनचर्या कार्य के लिए इधर उधर नहीं जाना पड़ेगा



- साफ सफाई पर ध्यान नहीं देने से दयनीय स्थिति में तालाब

**होगी सफाई**

समय समय पर मै खुद जाकर तालाब की सफाई करवाता हू जल्द से जल्द इसे फिर से साफ कराया जाएगा तालाब का सौंदर्यीकरण के लिए भी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है तालाब में गंदगी के लिए लोगो का जागरूक न होना भी एक महत्वपूर्ण विषय है।

**अनिल सोनवानी**
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नपं बरमकेला

## दो सुरक्षाकर्मियों को प्रभारी ने अवैध वसूली करते रंगे हाथों पकडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खदानों में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ और अवैध वसूली को रोकने के लिए एसईसीएल ने त्रिपुरा राइफल्स की तैनाती की गई है, लेकिन अब वही गाडिय़ों से वसूली करने लगे हैं।

बताया जा रहा है कि गुरुवार देर रात एसईसीएल के सुरक्षा इंचार्ज रमेश दास ने दो जवानों को वसूली करते पाया। एसईसीएल की जामपाली माइंस में कोल माफिया का आतंक बढ़ गया था। ट्रांसपोर्टरों में भी आए दिए विवाद होते थे। इससे निजात पाने के लिए त्रिपुरा राईफल्स की ड्यूटी लगाई गई। कई दिनों से शिकायत आ रही थी कि कुछ ट्रांसपोर्टरों की गाडिय़ां त्रिपुरा राइफल्स के जवान अलग से अंदर करवा रहे थे। इसके बदले रकम वसूली जा रही थी।गुरुवार रात करीब एक बजे रमेश दास सिक्योरिटी इंचार्ज एसईसीएल रायगढ़ ने जामपाली का अचानक निरीक्षण किया। त्रिपुरा राईफल के दो कर्मचारी रात एक ड्राइवर से गाड़ी एंट्री के बदले घूस लेते हुए पकड़े गए। रमेश दास ने अधिकारियों को सूचित करते हुए गाड़ी एंट्री का काम गार्ड उमाकांत से करवाया। त्रिपुरा राइफल के अधिकारियों को सूचित किया गया तो उन्होंने भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा नहीं होने का आश्वासन दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल में निः शुल्क स्वास्थ्य कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल जब से खुला है तब से लेकर अब तक लोगों को मानवीय स्पर्श के साथ सेवाएं दे रहा है। 24 घंटे मानवीय सेवा में अस्पताल प्रबंधन डॉक्टर एवं कर्मचारी लगे रहते हैं।

इसी कड़ी में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रायगढ़ शहर के विभिन्न स्थानों पर किया गया था। इस मौके पर श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल, रायगढ़ के डॉक्टरों की टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों में लगभग 500 से अधिक शहरी एवं ग्रामीण मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा शुगर, बीपी, रक्त की जांच कर निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया और गंभीर बीमारी वाले मरीजों को निशुल्क ओपीडी की सुविधा श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल में उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में सेवा भावना की झलक देखते ही बन रही थी।

### संस्कार के 4 खिलाड़ी एलिट क्रिकेट ग्रुप हेतु चयनित

**रायगढ़।** संस्कार पब्लिक स्कूल एवं क्रिकेट कोचिंग संस्था संस्कार क्रिकेट एकेडमी के 4 होनहार खिलाडियों का चयन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के एलिट ग्रुप के मैचों हेतु किया गया है। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि एलिट ग्रुप में बनने वाली टीम प्लेट कम्बाइंड टीम में जिले के 6 खिलाडियों का चयन किया गया है। इसमें से 4 खिलाड़ी संस्कार स्कूल और संस्कार क्रिकेट एकेडमी से है।

### खरसिया में मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव

**खरसिया।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति खरसिया द्वारा विप्रों के अराध्य देव भगवान परशुराम का जन्मोत्सव इस वर्ष भी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर हनुमान मंदिर पुरानी बस्ती खरसिया में महाआरती कर खिचड़ी भोग का वितरण भी किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष से भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति खरसिया द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाना शुरू किया गया है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी समिति ने विप्र समाज और सर्व समाज के साथ जन्मोत्सव का आयोजन किया। इसके तहत 10 मई को शाम 7 बजे श्री हनुमान मंदिर पुरानी बस्ती में भगवान परशुराम और हनुमान की महाआरती की गई और उसके पश्चात मन्दिर परिसर में भी प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। इसके साथ ही गुपचुप और शर्बत का वितरण भी भक्तों को समिति के द्वारा किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित विप्र समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### जिला प्रशासन ने सारंगढ़ में किया दिव्यांग जनों के लिए विशेष शिविर

**सारंगढ़।** जिला प्रशासन के पहल पर समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से माह के दूसरे शनिवार को दिव्यांगजनों के विशिष्ट पहचान पत्र यूडीआईडी के प्रमाणीकरण हेतु जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सक दल द्वारा सिविल अस्पताल सारंगढ़ में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिला स्वास्थ्य प्रशासन ने मितानिन के माध्यम से दिव्यांग जनों को शिविर के संबंध में सूचित किया था। सक्षम शनिवार की थीम पर इस विशेष शिविर में आए हुए दिव्यांगजनों का आंकलन सह प्रमाणीकरण कराया गयाए जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांग और उनके परिजन उपस्थित थे। परिजनों ने जिला प्रशासन के इस शिविर आयोजन की तारीफ की।







